**<u>प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 30 अगस्त 2024</u>**

**(1) <u>माननीय राज्यपाल ने श्री रामदास सोरेन को आज राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में राज भवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।</u>**

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन के दरबार हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में श्री रामदास सोरेन को झारखण्ड राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल महोदय ने श्री सोरेन को शुभकामनाएँ दी। इससे पूर्व मुख्य सचिव ने माननीय मंत्री श्री रामदास सोरेन की नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा तथा राज्यपाल के प्रधान सचिव द्वारा माननीय मंत्री श्री रामदास सोरेन को शपथ ग्रहण हेतु आमंत्रित किया गया।

उक्त शपथ ग्रहण समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यगण, सांसदगण, विधायकगण तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा व पुलिस सेवा के वरीय पदाधिकारीगण समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।